# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## मोदी कैबिनेट बैठक : सनराइज सेक्टर्स मे रिसर्च को ₹20,000 करोड़ की मंजूरी संभव, राष्ट्रीय खेल नीति पर भी मुहर की तैयारी।


Publisher Published on 01 Jul 2025




## मोदी सरकार के अहम फैसले, स्टार्टअप और रिसर्च सेक्टर को मिलेगा बूस्ट, खेल नीति मे खिलाड़ियों के लिए नई योजनाओं का ऐलान संभव।

### मोदी कैबिनेट की बैठक मे बंड़े फैसलों की तैयारी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** की अध्यक्षता में आज हुई **कैबिनेट बैठक** में भारत के भविष्य को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हो रही है। सबसे अहम फैसला **सनराइज सेक्टर्स** में **रिसर्च और डेवलपमेटं (R&D)** के लिए **20,000 से 22,000 करोड़** रुपये के विशेष फंड को लेकर है।

सूत्रों के अनुसार, इस फंड से **आर्टिफिशियल इंटेलिजेसं (AI), ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर्स, क्लीन टेक्नोलॉजी, और बायोटेक्नोलॉजी** जैसे क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा मिलेगा। इसके जरिए **मेक इन इंडिया** और **आत्मनिर्भर भारत** जैसे अभियानों को भी नई ताकत मिलेगी।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी मिलेगा बूस्ट

कैबिनेट के इस प्रस्ताव के अंतर्गत न केवल **रिसर्च, बल्कि** उभरते हुए **स्टार्टअप्स** और **मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स** को भी **सब्सिडी** और तकनीकी सहायता दिए जाने की योजना है। इससे भारत को **वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब** बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### राष्ट्रीय खेल नीति पर कैबिनेट की मुहर संभव

**कैबिनेट बैठक** में नई **राष्ट्रीय खेल नीति 2025** को भी मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है। इसमें:

१. **खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय ट्रेनिंग**

२. **ग्रासरूट लेवल पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर**

३. **महिला खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुविधाएं**

४. **यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा**

जैसी योजनाओं को शामिल किया गया है।

खेल मंत्रालय का उद्देश्य भारत को **2028 ओलंपिक** और आगे के **अंतरराष्ट्रीय आयोजनों मे टॉप 10 देशों** में शामिल करना है।

**भारत-जापान कार्बन क्रेडिट समझौता**

बैठक में **भारत** और **जापान** के बीच **कार्बन क्रेडिट** और **पर्यावरणीय सहयोग** को लेकर **स्मृति-पत्र (MoU)** पर भी विचार हुआ। इस समझौते का उद्देश्य है:

१. **कार्बन उत्सर्जन मे कमी लाना**

२. **हरित तकनीकों का आदान-प्रदान**

३. **सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को बढ़ावा देना**

४. यह समझौता भारत के नेट **जीरो टारगेट 2070 के प्रति प्रतिबद्धता** को भी मजबूत करता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.